सत्यमेव जयते

**राष्ट्रपति**
**भारत गणतंत्र**
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

## संदेश

शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान लेखक और दार्शनिक थे। वे एक अतुल्य शिक्षक भी थे। मैं, इस अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

शिक्षक अपने मार्गदर्शन और सहयोग से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार लाते हैं तथा उन्हें चरित्रवान भी बनाते हैं। शिक्षक का मूल दायित्व है कि वह विद्यार्थी को एक अच्छे व्यक्ति में रूपांतरित करे। एक समर्पित और संवेदनशील शिक्षक विद्यार्थियों की विशिष्ट क्षमता की पहचान करता है, उनके लिए प्रेरणा-स्रोत बनता है और उन्हें अपने कार्यों में उत्कृष्टता हासिल करने में समर्थ बनाता है।

शिक्षकों को प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए निरंतर ज्ञान अर्जित करते रहना चाहिए तथा शिक्षण की नवीन पद्धतियों को भी अपनाना चाहिए। विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें विद्यार्थियों में जिज्ञासा का भाव विकसित करना चाहिए।

मैं सभी समर्पित शिक्षकों के योगदान के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूं। मैं कामना करती हूं कि सभी शिक्षक ऐसी प्रबुद्ध पीढ़ियों का निर्माण करें जो देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

द्रौपदी

**(द्रौपदी मुर्मु)**

**नई दिल्ली**
**01 सितम्बर 2026**

सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

## MESSAGE

On the occasion of Teachers' Day, I extend my heartfelt greetings to all our teachers across the country. Teachers' Day is observed to mark the birth anniversary of the former President of India, Dr. Sarvepalli Radhakrishnan who was a great author and philosopher. He was also an extraordinary teacher. On this occasion, I pay my humble tributes to him.

Teachers, through their guidance and mentorship, play a vital role in nurturing talent and strengthening character. It is their duty to guide students to become good human beings. A dedicated and caring teacher can recognise the unique potential of students, serve as a source of inspiration and encourage them to strive for excellence.

The teachers should continually update their knowledge, embrace technology and adopt innovative teaching methods. They should promote independent thinking and cultivate a spirit of enquiry among students.

I express my gratitude to all the dedicated teachers for their contribution. I wish that all teachers nurture enlightened generations who will take the nation to greater heights.

**(Droupadi Murmu)**

**New Delhi**
**01 September 2026**